आईटीआई में अप्रेंटिसशिप मेला 20 को

साढौरा। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निर्देशानुसार राजकीय आईटीआई में 20 अप्रैल को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसमें लगभग 30 औद्योगिक प्रतिष्ठान भाग ले रहे हैं। प्रधानाचार्य सतनाम कौर ने बताया कि इस मेले में विभिन्न व्यवसायों से पिछले वर्षों में पास आउट ट्रेनीज को अप्रेंटिसशिप या रोजगार प्रदान किया जायेगा। रजिस्ट्रेशन करने हेतु संस्थान की ओर से क्यूआर कोड जारी किया गया है, जिसमें रजिस्ट्रेशन करते हुए छात्र-छात्राएं मेले में भाग ले सकते हैं। संवाद

आईटीआई में 20 को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला

साढौरा। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निदेर्शानुसार राजकीय आईटीआई में 20 अप्रैल को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लगभग 30 औद्योगिक प्रतिष्ठान भाग ले रहे हैं। प्रधानाचार्य सतनाम कौर ने बताया कि इस प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले में विभिन्न व्यवसायों से पिछले वर्षों में पासआउट ट्रेनीज को अप्रैंटिशिप या रोजगार प्रदान किया जायेगा। रजिस्ट्रेशन करने हेतू संस्थान द्वारा क्यूआर कोड जारी किया गया है जिसमें रजिस्ट्रेशन करते हुए छात्र–छात्राएं मेले में भाग ले सकते है।

आईटीआई में 250 विद्यार्थियों का अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार हेतु चयन

कुलदीप हर्ष

साढौरा। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग पंचकूला के आदेशानुसार राजकीय आईटीआई में सोमवार को पीएमएनएएम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका चेयरपर्सन शालिनी शर्मा ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। शालिनी शर्मा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अपने कौशल को निखारने तथा उपलब्ध रोजगार अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस मेले में लगभग 15 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया तथा 450 से अधिक विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। विभिन्न कंपनियों द्वारा चयन प्रक्रिया के दौरान लगभग 250 विद्यार्थियों का अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार हेतु चयन किया गया। इस दौरान अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को प्री-प्लेसमेंट ऑफर भी प्रदान किए। जो संस्थान के लिए गर्व का विषय है। संस्थान की प्रधानाचार्या सतनाम कौर ने सभी अतिथि कंपनियों का स्वागत किया और विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने में सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम के समग्र प्रभारी रामपाल रहे। मंच संचालन कुलविंदर सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के रविंदर कुमार, सतीश कुमार, बिक्रम सिंह, इरफान, गुरदेव, मनीष कुमार, निर्मल सिंह, विनय कुमार, जॉनी सिंह, दिनेश कुमार, महेश, प्रदीप पन्नू, जतिन कपूर तथा जयदेव उपस्थित रहे।